
# पाठ 10



## एक शिक्षण बिन्दु

***सृजनहार परमेश्वर मेरे लिए यहाँ है कि मैं परमेश्वर की सन्तान बन सकूँ!***

सृजनहार

परमेश्वर

मेरे लिए यहाँ है

कि मैं परमेश्वर

की सन्तान

बन सकूँ!

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर मेरे लिए यहाँ है कि मैं परमेश्वर की सन्तान बन सकूँ!***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच।** पेज 2-19. *सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!*

**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल। बच्चों को भी चित्रकारी के लिए पैड या कागज़, पेंसिल और इरेज़र की आवश्यकता पड़ेगी।

चित्रकारी करें और कहानी सुनाएँ।

पेज 8-15 पर दी गई कहानी पढ़ें और पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच* में से बच्चों को तस्वीरें भी दिखाएँ।

1, 2, 3 कहानी सुनाना शुरू करें…

मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'मैं तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लूँगा।' मैं एक जवान औरत को देख सकता हूँ। उसका नाम मरियम है। मैं सृजनहार परमेश्वर के एक अच्छे आत्मा को मरियम से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'तुम एक बेटे को जन्म दोगी। उसका नाम यीशु होगा। यीशु सृजनहार परमेश्वर के आत्मा की ओर से है। यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाएगा।'

मैं एक जवान आदमी को देख सकता हूँ। उसका नाम यूसुफ़ है। यूसुफ़ के पूर्वज राजा दाऊद के कुल में से हैं। राजा दाऊद अब्राहाम के कुल में से है।

मैं सृजनहार परमेश्वर को एक अच्छे आत्मा से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'जाओ और यूसुफ़ से कहो कि मरियम उसकी पत्नी होगी। मरियम एक बेटे को जन्म देगी। उसका नाम यीशु होगा। यीशु सृजनहार परमेश्वर के आत्मा की ओर से है। यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाएगा।'

सृजनहार परमेश्वर आ रहा है…

# पाठ 10






समय बीता। मैं सृजनहार परमेश्वर को रात के आसमान में एक नया तारा बनाते हुए देख सकता हूँ। यह नया तारा चमक…चमक…चमक रहा है।

मैं ज्योतिषियों को रात के समय ऊपर आसमान में ताकते…ताकते…ताकते…हुए देख सकता हूँ। वह नया तारा दिशा…दिशा…दिशा…दिखा रहा है।



मैं ज्योतिषियों को उस नए तारे की दिशा की ओर एक छोटे रास्ते से…एक छोटे नगर में…एक छोटे झोंपड़े में जाते हुए देख सकता हूँ।

मैं यूसुफ़, उसकी पत्नी मरियम और नन्हे बालक यीशु को देख सकता हूँ।



मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, ‘यह नन्हा बालक यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाएगा।

मैं उन ज्योतिषियों को नन्हे बालक यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ। सृजनहार परमेश्वर एक नन्हे बालक के रूप में आ गया है, कि आपको हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा ले। सृजनहार परमेश्वर आ गया है!



ठीक उसी रात…

मैं चरवाहों को देख सकता हूँ। मैं भेड़ों को देख सकता हूँ।



मैं सृजनहार परमेश्वर को एक अच्छे आत्मा से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,
‘जाओ और जाकर चरवाहों से कहो, डरो मत, मैं तुम्हें एक खुशखबरी देने आया हूँ।
यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाने यहाँ आ गया है।’



मैं एक बड़ी, बड़ी, बड़ी चमकदार रोशनी को देख सकता हूँ।
मैं देख सकता हूँ कि यह बड़ी, बड़ी, बड़ी चमकदार रोशनी एक अच्छा आत्मा है।

मैं इस अच्छे आत्मा को उन चरवाहों से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, ‘डरो मत, मैं तुम्हें एक खुशखबरी देने आया हूँ।
यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाने यहाँ आ गया है।’



मैं देख सकता हूँ कि एक…दो…तीन…चार…पाँच…छः…सात…कई, कई, कई अच्छे आत्मा सृजनहार परमेश्वर के लिए गा रहे हैं।
मैं इन कई, कई, कई अच्छे आत्माओं को यह कहते हुए सुन सकता हूँ,
‘सृजनहार परमेश्वर के लिए गाओ। यीशु के लिए गाने वाले सभी लोगों को शान्ति मिले।’

# पाठ 10




मैं इन कई, कई, कई अच्छे आत्माओं को ऊपर, ऊपर, ऊपर आसमान में जाते हुए देख सकता हूँ।

मैं चरवाहों को यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।

सृजनहार परमेश्वर एक नन्हे बालक के रूप में आ गया है, कि तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा ले। सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

**बच्चों से कहें कि वे कहानी की चित्रकारी करें।**



## ऐक्शन गीत

***उस ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर मेरे लिए यहाँ है कि मैं परमेश्वर की सन्तान बन सकूँ!***

नन्हे मुन्हें बच्चों आओ चले

प्यारे मसीह से हम बातें करें। (x2)

मिलके चले गाते चले

प्यारे मसीह से हम बातें करें। (x2)

नन्हे मुन्हें बच्चों आओ चले

प्यारे मसीह से हम बातें करें। (x2)

मिलके चले गाते चले

प्यारे मसीह से हम बातें करें। (x2)

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर मेरे लिए यहाँ है कि मैं परमेश्वर की सन्तान बन सकूँ!***

**सामग्री:** बक्सा और आइना। पाठ शुरू करने से पहले आइने को बक्से के अन्दर डाल दें।

बच्चों से कहें कि आपने सृजनहार परमेश्वर के बच्चों में से एक विशेष बच्चे की तस्वीर इस बक्से में डाली है। सभी बच्चों से कहें कि वे एक-एक करके आएँ और बक्से में झाँकें और जाकर चुपचाप अपनी जगह पर बैठ जाएँ। कोई भी बच्चा तब तक कुछ न बोले जब तक सभी बच्चे बक्से के अन्दर ना झाँक लें।

जब सभी बच्चे बक्से में झाँक लें, तो नीचे लिखे हुए प्रश्न पूछें।

**आपने बक्से में किसको देखा? क्या आपने सोचा था कि आपको अपना ही चेहरा दिखाई देगा? क्या आप जानते हैं कि आप सृजनहार परमेश्वर की सन्तान हैं और उसके लिए विशेष हैं?**

समझाएँ कि यीशु की उत्पत्ति सृजनहार परमेश्वर के आत्मा से हुई। यीशु ही सृजनहार परमेश्वर है, जो एक नन्हे बालक के रूप में आया ताकि आपको हमेशा, हमेशा के लिए बचा सके। जब हम यीशु पर विश्वास कर लेते हैं तो सृजनहार परमेश्वर की सन्तान बन जाते हैं।

# पाठ 10

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर मेरे लिए यहाँ है कि मैं परमेश्वर की सन्तान बन सकूँ!***

बताएँ कि सृजनहार परमेश्वर का एक और नाम यहोवा है।

**1 यूहन्ना 5:1** *'जो कोई यह विश्वास करता है कि यीशु मसीह है, वह परमेश्वर की सन्तान बन जाता है*

**सामग्री:** लिखने के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल।

याद किया जाने वाला बाइबल पद लिखें और बच्चों से कहें कि जैसे-जैसे आप लिखते हैं, वैसे-वैसे वे इसे बोलते जाएँ। यदि बच्चों अभी तक पढ़ना नहीं सीखा है तो याद किया जाने वाला बाइबल पद लिखने की ज़रूरत नहीं है।

याद किए जाने वाले बाइबल पद के शब्द बोलें। कहीं से भी तीन शब्द मिटा दें।

अब लड़के किसी एक लड़के को चुनें और उसे कहें कि जो शब्द मिटा दिए गए हैं वह उन्हें लिखे, ताकि वे सभी याद किया जाने वाला बाइबल पद एकसाथ बोल सकें। अब कोई और तीन शब्द मिटा दीजिए।

अब लड़कियाँ किसी एक लड़की को चुनें और उसे कहें कि जो शब्द मिटा दिए गए हैं वह उन्हें लिखे, ताकि वे सभी याद किया जाने वाला बाइबल पद एकसाथ बोल सकें।

सभी लोग याद किया जाने वाला बाइबल पद एक बार फिर एक साथ बोलें।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर मेरे लिए यहाँ है कि मैं परमेश्वर की सन्तान बन सकूँ!***

**गवाही दें:** बताएँ कि परमेश्वर की सन्तान बन जाने के बाद आपके जीवन में क्या बदलाव आया है।

**प्रार्थना:** धन्यवाद सृजनहार परमेश्वर कि आप एक नन्हे बालक के रूप में आए कि आप मुझे हमेशा, हमेशा के लिए बचा लें। आपका धन्यवाद कि यीशु में विश्वास करने के द्वारा मैं सृजनहार परमेश्वर की सन्तान बन गया हूँ।

सृजनहार
परमेश्वर
मेरे लिए यहाँ है
कि मैं परमेश्वर
की सन्तान
बन सकूँ!

# पाठ 11



## एक शिक्षण बिन्दु

***यीशु इस जगत की ज्योति है***

यीशु

इस

जगत की

ज्योति है

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु इस जगत की ज्योति है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच।** पेज 20-29. *मैं देख सकता हूँ।*

बच्चों के साथ कहानी पर एक नाटक करें। बताएँ कि सभी बच्चे एक नाटक करने जा रहे हैं 'मैं देख सकता हूँ'।

**अभिनेता:** कहानी सुनाने वाला और निर्देशक (आप, शिक्षक), यीशु (कोई भी एक बच्चा), एक दृष्टिहीन व्यक्ति (कोई भी एक बच्चा), एक धार्मिक अगुवा (कोई भी एक बच्चा), यीशु के अनुयायी (3 बच्चे) और बहुत सारे लोग (वे सभी बच्चे जिन्हें अभी तक नाटक में कोई अभिनय नहीं मिला है)।

*शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच* में से कहानी पढ़ें और सुनाएँ। पेज 20-29. जब आप कहानी पढ़ कर सुनाते हैं तो अभिनेताओं को उनकी भूमिका आने पर इशारा करके निर्देशित भी करते रहें। यदि अभिनय करने वाले बच्चे पढ़ना जानते हैं तो उन्हें *शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच* की एक कॉपी दे दीजिए, कि वे अपने अभिनय के शब्द पढ़ सकें।

*उदाहरण:* पेज 20-21. बच्चों से कहें कि वे ऐसे दिखावा करें जैसे वे बाज़ार में हैं। जो बच्चे 'बहुत सारे लोग' बने हैं वे इधर-उधर चलते-फिरते रहें, मानो वे खरीदने के लिए कुछ ढूँढ रहे हैं। जो बच्चा 'दृष्टिहीन व्यक्ति' बना है, वह सबके बीच में बैठ जाए और हाथ फैला कर पैसे माँगे।


कहानी पढ़ कर सुनाएँ। जब आप पढ़ते हुए इस स्थान पर आते हैं, 'मैं उस पूर्ण पुरुष के चेलों को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'क्या इस दृष्टिहीन व्यक्ति ने कोई पाप किया था, जिससे यह दृष्टिहीन पैदा हुआ है?'', तो उन बच्चों की ओर इशारा करें जो 'यीशु के अनुयायी' बने हैं। उनसे कहें कि जब वे यीशु के पीछे-पीछे चलते हुए दृष्टिहीन व्यक्ति के पास से गुजरते हैं, तो वे ये शब्द बोलें (या यदि वे पढ़ना जानते हैं तो स्वयं पढ़ के बोलें), 'क्या इस दृष्टिहीन व्यक्ति ने कोई पाप किया था, जिससे यह दृष्टिहीन पैदा हुआ है?'

1, 2, 3 नाटक शुरू करें…

# पाठ 11

## ऐक्शन गीत

***उस ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु इस जगत की ज्योति है***



*चलेंगे हम ज्योति में ज्योति में*
*चलेंगे हम ज्योति में*
*साथ उसकी ज्योति में*
क्षमा प्राप्त हम करेंगे

ज्योति में, ज्योति में
शैतान को हराएँगे ज्योति में
चलेंगे हम ज्योति में ज्योति में
साथ उसकी ज्योति में।

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि यीशु इस जगत की ज्योति है***

प्राकृतिक ज्योति को बना कर सृजनहार परमेश्वर ने यह दर्शाया है कि ज्योति अन्धेरे से अधिक बलवन्त है। ज्योति अन्धेरे को मिटा देती है।

**करके दिखाएँ:** जहाँ आप सिखा रहे हैं उस जगह पर अन्धेरा कर दें। एक मोमबत्ती जलाएँ, या टॉर्च जलाएँ, या बत्ती जला दें और दिखाएँ कि कैसे ज्योति अन्धेरे को मिटा देती है। फिर बताएँ कि यीशु इसी प्राकृतिक प्रकाश के समान है। यीशु आत्मिक ज्योति है जो सारी बुरी आत्माओं और बुरे कामों के अन्धेरे को मिटा देता है। याद रखें कि ज्योति अन्धेरे से अधिक ताकतवर है। अन्धेरे को मिटाने की ताकत केवल यीशु के ही पास है। यीशु आपको और मुझे हमेशा, हमेशा और हमेशा के लिए बचाने आया है।

यीशु
इस
जगत की
ज्योति है

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु इस जगत की ज्योति है***

**यूहन्ना 8:12** *फिर वहाँ उपस्थित लोगों से यीशु ने कहा, "मैं जगत का प्रकाश हूँ। जो मेरे पीछे चलेगा कभी अन्धेरे में नहीं रहेगा। बल्कि उसे उस प्रकाश की प्राप्ति होगी जो जीवन देता है।"*

**तस्वीर और शब्दों वाला खेल: सामग्री:** पीले गुब्बारे और परमानेण्ट ब्लैक मार्कर।

तीन बच्चों को अपने सहायक बनाएँ और उन्हें सामने बुलाएँ। तीनों सहायकों को एक-एक गुब्बारा दें और उनसे कहें कि इन्हें फुला कर इनके सिरे पर गाँठ लगा दें ताकि हवा निकल न सके।

# पाठ 11







तीनों बच्चों को एक साथ बाकी बच्चों के सामने खड़ा करें। फूले हुए गुब्बारों में से एक लें और उस पर तस्वीर बनाएँ कि ज्योति अन्धेरे को मिटा रही है या पीछे धकेल रही है। अब यह गुब्बारा उस बच्चे को वापिस कर दें और उसे कहें कि वह इस पर बने चित्र को सभी बच्चों को दिखाए। अब दूसरा गुब्बारा लें और उस पर एक बड़ा क्रूस बनाएँ। अब यह गुब्बारा उस बच्चे को वापिस कर दें और उसे कहें कि वह इस पर बने चित्र को सभी बच्चों को दिखाए। अब अगला गुब्बारा लें और उस पर इस जगत का एक चित्र बनाएँ। अब यह गुब्बारा उस बच्चे को वापिस कर दें और उसे कहें कि वह इस पर बने चित्र को सभी बच्चों को दिखाए।

अब बच्चों से कहें कि एक-एक करके इन तस्वीरों के शब्दों का अनुमान लगाएँ। यदि कुछ देर के बाद भी बच्चे अनुमान न लगा पाएँ तो उन्हें कुछ संकेत दीजिए कि वे अनुमान लगा पाएँ। जब तीनों शब्दों, 'ज्योति', 'यीशु' और 'जगत' का अनुमान लग जाए, तो किसी और बच्चे से कहें कि वह इन शब्दों को सही क्रम में लगाए। पहला शब्द है 'यीशु', दूसरा 'ज्योति' और तीसरा 'जगत'।

समझाएँ कि याद किए जाने वाले इस बाइबल पद का अर्थ है: 'यीशु इस जगत की ज्योति है।' अब सभी बच्चों को एक-एक पीला गुब्बारा दे दें और उनसे कहें कि इन्हें फुला कर इनके सिरे पर गाँठ लगा दें। अब बच्चों से कहें कि वे अपने-अपने गुब्बारे पर एक सलीब, अन्धेरे को पीछे धकेलती हुई ज्योति और इस जगत की एक तस्वीर बनाएँ। जो लिखना जानते हैं वे गुब्बारे पर अपना नाम लिख लें। अब बच्चों को याद किया जाने वाला बाइबल पद बताएँ।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु इस जगत की ज्योति है***


जब भी हमें डर लगे, या जब भी हम कुछ बुरा सोचें, या कहें, या कर दें, या हम बीमार पड़ जाएँ, तो हम कह सकते हैं कि यीशु आपका धन्यवाद कि आप मुझसे प्रेम करते हैं और आपने मुझे सब बुरी बातों से बचा लिया है।

यीशु इस जगत की ज्योति है और यीशु अन्धेरे से अधिक ताकतवर है। अन्धेरे को मिटाने की ताकत केवल यीशु ही के पास है।

**प्रार्थना:** सृजनहार परमेश्वर, मुझसे हमेशा प्रेम करने के लिए आपका धन्यवाद। धन्यवाद यीशु, कि आप जगत की ज्योति हैं। धन्यवाद यीशु, कि आप अन्धेरे को मिटाने के लिए आए। धन्यवाद यीशु, मैं आपके नाम में प्रार्थना माँगता हूँ। आमीन।

यीशु
इस
जगत की
ज्योति है

# पाठ 12



## एक शिक्षण बिन्दु

***यीशु क्षमा देता है और वह शान्तिदाता है***

यीशु
क्षमा देता है
और वह
शान्तिदाता है


## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु क्षमा देता है और वह शान्तिदाता है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच।** पेज 30-36. *शान्तिदाता।*

**सामग्री:** चित्रकारी के लिए ब्लैकबोर्ड और चॉक, या मिट्टी और छड़ी, या कागज़ और पेंसिल। बच्चों को भी चित्रकारी के लिए पैड या कागज़, पेंसिल और इरेज़र की आवश्यकता पड़ेगी।


चित्रकारी करें और कहानी सुनाएँ। कहानी सुनाने के बाद बच्चों से एक प्रश्न पूछें।



1, 2, 3 कहानी सुनाना शुरू करें…



किसी और दिन, किसी और समय, किसी और स्थान पर। मैं एक आदमी को देख सकता हूँ। उसका नाम शिमौन है। मैं शिमौन को यीशु से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, ‘कृपया मेरे घर आइए।’ मैं शिमौन और यीशु को शिमौन के घर के अन्दर देख सकता हूँ। मैं शिमौन के घर के अन्दर एक महिला को भी देख सकता हूँ। इस महिला ने बहुत सारे बुरे काम किए हैं। मैं उस महिला को यीशु के चरणों पर गिरते हुए देख सकता हूँ। मैं देख सकता हूँ कि वह महिला रो रही है। उसके आसूँ यीशु के चरणों पर गिर रहे हैं। मैं देख सकता हूँ कि वह महिला यीशु के चरणों को अपने बालों से साफ कर रही है। मैं यीशु को उस महिला से यह कहते हुए सुन सकता हूँ, ‘तुमने जितने भी बुरे काम किए हैं, मैं उन सभी के लिए तुम्हें क्षमा करता हूँ। शान्ति में जाओ।’



केवल यीशु ही शान्ति देता है। केवल यीशु के पास ही अन्धेरे को मिटाने की शक्ति है।

सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

## ऐक्शन गीत

***उस ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु क्षमा देता है और वह शान्तिदाता है***

राजाओं का राजा, प्रभुओं का प्रभु, महिमा हालेलुयाह!
यीशु शान्ति का राजा, महिमा हालेलुयाह!

# पाठ 12

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि यीशु क्षमा देता है और वह शान्तिदाता है***

**सामग्री:** 3 पत्थर, जो ज़्यादा भारी न हों जिन्हें बच्चे आसानी से उठा सकें।

दो बच्चों को अपने सहायक बनाएँ। बताएँ कि एक बच्चा यीशु का अभिनय करेगा (उस बच्चे की ओर इशारा करें) और दूसरा बच्चा ऐसा बच्चा होने का अभिनय करेगा जो न तो यीशु को जानता है, न यीशु की ओर देखता है और न ही यीशु की आराधना करता है।

समझाएँ कि जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता बुरे विचार सोच रहा है। उस बच्चे को, जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता, एक पत्थर दें। कहें कि जो व्यक्ति यीशु को नहीं जानता और बुरे विचार सोचता है, वह इस पत्थर जैसा है।

समझाएँ कि वह बच्चा, जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता, बुरा काम करता है। उस बच्चे को, जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता, एक और पत्थर दें। कहें कि जो व्यक्ति यीशु को नहीं जानता और बुरे काम करता है, वह इस पत्थर जैसा है।

समझाएँ कि वह बच्चा, जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता, बुरी बातें बोलता है। उस बच्चे को, जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता, एक और पत्थर दें। कहें कि जो व्यक्ति यीशु को नहीं जानता और बुरी बातें बोलता है, वह इस पत्थर जैसा है।

उस बच्चे से, जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता और तीन पत्थर उठाए हुए है, कहें कि वह यीशु की ओर देखे। उस बच्चे से, जो यीशु का अभिनय कर रहा है, कहें कि उस बच्चे से, जो ऐसे बच्चे का अभिनय कर रहा है जो यीशु को नहीं जानता, तीनों पत्थर ले ले।

केवल यीशु ही शान्ति देता है। अन्धेरे को मिटाने की ताकत केवल यीशु के पास ही है।

यीशु
क्षमा देता है
और वह
शान्तिदाता है

# पाठ 12

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि यीशु क्षमा देता है और वह शान्तिदाता है***

**लूका 7:50** *तब यीशु ने उस स्त्री से कहा, "तेरे विश्वास ने तेरी रक्षा की है। शान्ति के साथ जा।"*

याद किया जाने वाला बाइबल पद बोलें/गाएँ और बच्चों से कहें कि वे आपके (शिक्षक के) पीछे-पीछे दोहराएँ। तब तक दोहराते रहें जब तक कि याद किया जाने वाला बाइबल पद बच्चों को याद न हो जाए।

याद किए जाने वाले बाइबल पद में ड्रम की धुन और शब्दों के साथ ऐक्शन जोड़ दें ताकि बच्चे याद किए जाने वाले बाइबल पद को गा सकें।

शिक्षक: तब यीशु ने   बच्चे: तब यीशु ने
शिक्षक: उस स्त्री से कहा,   बच्चे: उस स्त्री से कहा,
शिक्षक: "तेरे विश्वास ने   बच्चे: "तेरे विश्वास ने
शिक्षक: तेरी रक्षा की है।   बच्चे: तेरी रक्षा की है।
शिक्षक: शान्ति के   बच्चे: शान्ति के
शिक्षक: साथ जा।   बच्चे: साथ जा।
शिक्षक: लूका अध्याय 7.   बच्चे: लूका अध्याय 7.
शिक्षक: पद 50.   बच्चे: पद 50.

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि यीशु क्षमा देता है और वह शान्तिदाता है***

यीशु
क्षमा देता है
और वह
शान्तिदाता है

केवल यीशु ही शान्ति देता है। अन्धेरे को मिटाने की ताकत केवल यीशु के पास ही है।

जब हम यीशु को जान जाते हैं, तो हम उसका धन्यवाद कर सकते हैं कि उसने हमारी सारी बुरी सोच, बुरी बातों और बुरे कामों का सारा बोझ उठा लिया है।

**प्रार्थना:** धन्यवाद यीशु कि आप मेरी सारी बुरी सोच, बुरी बातों और बुरे कामों के सारे बोझ को उठा लेते हैं। धन्यवाद यीशु कि आप ने मुझे क्षमा दी है। धन्यवाद यीशु कि आप मुझे शान्ति देते हैं। धन्यवाद यीशु कि आप मुझे नई सोच और जीने का नया राह देते हैं। धन्यवाद यीशु कि आप मुझे हमेशा, हमेशा और हमेशा के लिए बचाने आए हैं। यीशु आपके नाम में हम प्रार्थना माँगते हैं। आमीन।

**पुरस्कार:** हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच* की एक-एक कॉपी रखने के लिए दे दीजिए। हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच* पढ़ने में मदद कीजिए।